**भारत सरकार**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 1237**
**उत्तर देने की तारीख 11.02.2019**

**पी॰एम॰ई॰जी॰पी॰ के अंतर्गत सहायता**

**1237. श्री एस॰ पी॰ मुद्दाहनुमे गौड़ाः**
**श्री जी॰ एम॰ सिद्देश्वराः**
**श्री बी॰ वी॰ नाईकः**

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पी॰एम॰ई॰जी॰पी॰) ऋणों को स्वीकृत करने की प्रक्रिया में विलंब से ग्रस्त है और पी॰एम॰ई॰जी॰पी॰ के अंतर्गत रोजगार के विकास में विगत वर्षों के दौरान लगातार कमी आ रही है तथा यदि हां, तो विगत तीन वर्षों के दौरान पी॰एम॰ई॰जी॰पी॰ के अंतर्गत सृजित किए गए रोजगारों की संख्या/हासिल किए गए विकास सहित तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) सरकार द्वारा इन समस्याओं से निपटने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) उक्त अवधि के दौरान पी॰एम॰ई॰जी॰पी॰ के अंतर्गत कर्नाटक के लिए स्वीकृत किए गए ऋण की धनराशि कितनी है और राज्य में सृजित किए गए रोजगार की संख्या कितनी है;

(घ) क्या विगत वर्षों में पी॰एम॰ई॰जी॰पी॰ के अंतर्गत सहायता की गई इकाइयों की संख्या में वृद्धि हो रही है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान कितनी इकाइयों को सहायता दी गई है तथा कितनी मात्रा में अंतर मूल्य का उपयोग किया गया है और कितने रोजगार का सृजन किया गया है?

**उत्तर**
**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री गिरिराज सिंह)**

**(क) और (ख):** जी, नहीं। आवेदन प्रवाह और निधि प्रवाह की प्रक्रिया को सरल बनाने तथा बेहतर वित्तीय प्रबंधन और पारदर्शिता लाने और नोडल बैंक स्तर पर निधि की पार्किंग को रोकने के लिए एक ऑनलाइन पीएमईजीपी-एमआईएस वेब पोर्टल शुरु किया गया है। सभी आवेदनों और निधि प्रवाह की निर्धारित समय-सीमा में ऑनलाइन कार्यवाही की जाती है।

पीएमईजीपी के अंतर्गत ऋण आवेदनों की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति (डीएलटीएफसी) में जाँच और कार्रवाही की जाती है। डीएलटीएफसी द्वारा सिफारिश किए गए आवेदनों को बैंकों को अग्रेषित किया जाता है। पीएमईजीपी के अंतर्गत ऋण स्वीकृति के लिए प्रत्येक परियोजना की व्यवहारिकता के आधार पर बैंकों को अपने ऋण पर निर्णय लेने की शक्ति प्रदान की गई है।

डीएलटीएफसी को 45 दिनों के भीतर आवेदन क्लीयर करने पड़ते है। डीएलटीएफसी स्तर पर विलम्ब की स्थिति में, बैंक सीधे आवेदन ले सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार ऋण आवेदन की प्राप्ति से 30 दिनों के भीतर सूक्ष्म क्षेत्र ऋण की स्वीकृति के लिए बैंक अधिदेशित हैं। तथापि, संतोषजनक जांच के करने के लिए बैंक एक आवेदन पर कार्यवाही के लिए प्रायः 30 दिन से अधिक समय लेते हैं।

विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान ऑनलाइन केवीआईसी द्वारा संवितरित की गई मार्जिन मनी और सृजित रोजगार एवं स्थापित परियोजनाओं की संख्या का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है। ब्यौरा दर्शाता है कि मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरण में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हुई है।

(ग) विगत तीन वर्षों के दौरान कर्नाटक राज्य में पीएमईजीपी के अंतर्गत सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या और स्वीकृत ऋण की राशि निम्नानुसार है:

| **वर्ष** | कर्नाटक | | |
|---|---|---|---|
| | स्वीकृत ऋण (अनुमानित) (लाख रु. में) | सहायता प्राप्त परियोजनाओं/लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या | सृजित रोजगार के अवसरों की संख्या |
| 2015-16 | 15924.63 | 2140 | 17284 |
| 2016-17 | 22957.69 | 3575 | 30286 |
| 2017-18 | 29530.33 | 2115 | 16920 |
| 2018-19 (**दिसम्बर**, 2018 **तक**) | 5293.75 | 2198 | 17584 |

(घ) और (ङ): पीएमईजीपी के अंतर्गत सहायता प्राप्त परियोजनाओं की संख्या बजटीय आबंटन और परियोजना की औसत लागत पर निर्भर करती है। वर्ष 2015-16 की तुलना में वर्ष 2016-17 में परियोजनाओं की संख्या में वृद्धि हुई। वर्तमान वित्त वर्ष 2018-19 के दौरान पीएमईजीपी के लिए बजटीय आबंटन में वृद्धि हुई है और तदनुसार परियोजनाओं की संख्या में भी वृद्धि होगी। विगत तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सृजित रोजगार और प्रयुक्त मार्जिन मनी सब्सिडी, सहायता प्राप्त इकाइयों की संख्या का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।

*****

अनुबंध-I

दिनांक 11.02.2019 के उत्तर के लिए लोक सभा अंतारांकित प्रश्न सं.1237 के भाग (क), (ख) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध-I

**विगत तीन वर्षों के दौरान सृजित रोजगार और प्रयुक्त मार्जिन मनी सब्सिडी, सहायता प्राप्त इकाइयों का राज्यवार ब्यौरा**

(मार्जिन मनी लाख रु. में, परियोजना एवं रोजगार की सं.)

| क्र.सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2015-16 | | | 2016-17 | | | 2017-18 | | | 2018-19 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रसं.. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | परियोजनाएं | मार्जिन मनी | रोजगार | परियोजनाएं | मार्जिन मनी | रोजगार | परियोजनाएं | मार्जिन मनी | रोजगार | परियोजनाएं | मार्जिन मनी | रोजगार |
| 1 | जम्मू और कश्मीर | 2207 | 3781.19 | 12115 | 1492 | 2621.40 | 11691 | 3753 | 6913.15 | 30024 | 4662 | 9222.2 | 37296 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 1077 | 1767.26 | 5134 | 941 | 2185.27 | 6916 | 886 | 2042.54 | 7088 | 947 | 2650.96 | 7576 |
| 3 | पंजाब | 966 | 2902.97 | 7762 | 1266 | 3181.60 | 9858 | 1520 | 3930.46 | 12160 | 1234 | 3091.08 | 9872 |
| 4 | संघ राज्य क्षेत्र चंडीगढ़ | 43 | 87.72 | 323 | 47 | 82.84 | 376 | 45 | 90.07 | 360 | 18 | 45.86 | 144 |
| 5 | हरियाणा | 1248 | 3112.09 | 7232 | 1377 | 3383.53 | 11016 | 1718 | 4167 | 13744 | 1466 | 3528.18 | 11728 |
| 6 | दिल्ली | 256 | 254.05 | 2048 | 119 | 182.41 | 952 | 115 | 150.65 | 920 | 65 | 85.67 | 520 |
| 7 | राजस्थान | 1988 | 4384.07 | 14537 | 1749 | 4641.60 | 13408 | 1577 | 4929.04 | 12616 | 1543 | 4638.33 | 12344 |
| 8 | उत्तराखण्ड | 1136 | 1740.86 | 6161 | 1345 | 2122.33 | 9890 | 1613 | 2880.98 | 12904 | 1501 | 2851.18 | 12008 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 4365 | 14456.87 | 43059 | 4074 | 14271.05 | 36315 | 5432 | 16866.47 | 43456 | 3911 | 14014.6 | 31288 |
| 10 | छत्तीसगढ़ | 1277 | 2829.38 | 9496 | 1598 | 4070.73 | 12856 | 1463 | 3398.4 | 11704 | 1984 | 4384.17 | 15872 |
| 11 | मध्य प्रदेश | 1979 | 8117.17 | 16497 | 1940 | 8346.06 | 15520 | 1804 | 7631.41 | 14432 | 1424 | 5898.67 | 11392 |
| 12 | सिक्किम | 110 | 186.11 | 397 | 27 | 35.93 | 201 | 37 | 46.36 | 296 | 35 | 64.93 | 280 |
| 13 | अरूणाचल प्रदेश | 35 | 38.85 | 104 | 301 | 440.34 | 1984 | 209 | 309.42 | 1672 | 197 | 285.61 | 1576 |
| 14 | नागालैण्ड | 623 | 1392.81 | 4998 | 1018 | 2007.48 | 7783 | 930 | 2672.15 | 7440 | 540 | 1199.24 | 4320 |
| 15 | मणिपुर | 685 | 1213.98 | 2715 | 1265 | 2162.78 | 8419 | 600 | 1383.87 | 4800 | 688 | 1087.78 | 5504 |
| 16 | मिजोरम | 1134 | 1026.35 | 9072 | 425 | 491.96 | 3400 | 249 | 274.05 | 1992 | 529 | 721.52 | 4232 |
| 17 | त्रिपुरा | 642 | 945.84 | 5355 | 2297 | 3734.66 | 17961 | 1116 | 1892.3 | 8928 | 429 | 891.6 | 3432 |
| 18 | मेघालय | 603 | 1056.12 | 4824 | 329 | 407.89 | 2632 | 75 | 118.27 | 600 | 203 | 305.24 | 1624 |
| 19 | असम | 3483 | 2869.74 | 9026 | 6028 | 4910.36 | 31498 | 2282 | 2362.48 | 18256 | 2376 | 2503.55 | 19008 |
| 20 | बिहार | 2430 | 6588.55 | 19624 | 3234 | 8336.51 | 25872 | 2307 | 6558.85 | 18456 | 1712 | 5178.06 | 13696 |
| 21 | प.बंगाल | 1873 | 3400.65 | 12746 | 3528 | 6270.32 | 26604 | 1366 | 3891.37 | 10928 | 1655 | 4980.75 | 13240 |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **22** | **झारखण्ड** | 1839 | 3559.74 | 12873 | 1300 | 2654.35 | 10400 | 1111 | 2439.53 | 8888 | 860 | 2191.38 | 6880 |
| **23** | **ओडिशा** | 2876 | 5736.32 | 17629 | 3029 | 6848.96 | 20392 | 2399 | 5680.65 | 19192 | 1848 | 4639.29 | 14784 |
| **24** | **अंडमान और निकोबार द्वीप समूह** | 119 | 65.11 | 293 | 195 | 193.46 | 1398 | 218 | 276.95 | 1744 | 146 | 192 | 1168 |
| **25** | **गुजरात** | 1419 | 6339.73 | 14960 | 1386 | 7561.61 | 11629 | 1876 | 12883.63 | 15008 | 2283 | 16249.62 | 18264 |
| **26** | **महाराष्ट्र** | 2497 | 5285.03 | 20161 | 2325 | 6001.36 | 17799 | 3329 | 8749.73 | 26632 | 3558 | 9397.88 | 28464 |
| **27** | **गोवा** | 91 | 165.43 | 500 | 90 | 191.44 | 660 | 50 | 149.07 | 400 | 47 | 159.3 | 376 |
| **28** | **आंध्र प्रदेश** | 642 | 2262.37 | 7740 | 1357 | 4916.08 | 14148 | 1527 | 5336.1 | 12216 | 1441 | 6027.95 | 11528 |
| **29** | **तेलंगाना** | 660 | 2217.57 | 7761 | 664 | 2561.72 | 6445 | 1190 | 4030.21 | 9520 | 1214 | 4206.22 | 9712 |
| **30** | **कर्नाटक** | 2140 | 5898.01 | 17284 | 3575 | 11609.56 | 30286 | 2115 | 6477.94 | 16920 | 2438 | 7170.95 | 19504 |
| **31** | **लक्षद्वीप** | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| **32** | **केरल** | 1369 | 2720.48 | 9653 | 1584 | 3350.68 | 13068 | 1347 | 2910.44 | 10776 | 1628 | 3450.69 | 13024 |
| **33** | **तमिलनाडु** | 2463 | 5497.54 | 20836 | 2941 | 8213.92 | 25764 | 4095 | 9717.58 | 32760 | 3398 | 8882.98 | 27184 |
| **34** | **पुडुचेरी** | 65 | 106.37 | 447 | 66 | 103.65 | 699 | 44 | 78.95 | 352 | 55 | 108.49 | 440 |
| | **कुल** | 44340 | 102006.33 | 323362 | 52912 | 128093.84 | 407840 | 48398 | 131240.07 | 387184 | 46035 | 130305.9 | 368280 |